# 11. ऑनलाइन प्रवेशप्रक्रिया सम्बन्धित जानकारी

**आवश्यक सूचना :**

**यदि किसी भी समय यह प्रमाणित हो जाता है किप्रवेश के लिए उम्मीदवार ने झूठी जानकारी एवं प्रवेश के लिए झूठे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये/ दिए हैं तो उसका प्रवेश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जायेगा एवं उसके विरुद्ध नियमानुसार क़ानूनी कार्यवाही अम्ल में लाई जा सकती है ।**

**(1)** सर्वप्रथम उम्मीदवार को ऑनलाइन वेबसाइट www.hptechboard.comपर अपने को New User के रूप में रजिस्टर करना होगा, इससे login user id एवं password प्राप्त होगा तथा वह अन्य जानकारी को वेबसाइट पर भर सकेगा।कृपया अपना login user id एवं password सुरक्षित एवं निजी रखें तथा किसी के साथ सांझा (शेयर) न करें। यदि आप अपना login user id एवं password किसी के साथ भी सांझा (शेयर) करते हैं तथा इसके कारण आपकी ऑनलाइन प्रवेश पत्र में कोई अवांछनीय परिवर्तन होता है तो इस स्थिति में आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। आवेदक असुविधा की स्थिति में Web Site पर उपलब्ध दिशा निर्देशों की सहायता ले सकता है,या निकटतम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सम्पर्क कर सकता है।

**(2)** इसके लिए वेबसाइट के होम पेज पर उपलब्ध **"ITI online Admission for Session 2020-21"** विकल्प के अंतर्गत पंजीकरण के विवरण को भरें ।

**(3)** सारी जानकारी भरने के बाद**,** उम्मीदवार अपने पंजीकरण फार्म का प्रिंटउट ले सकते हैं। यह पंजीकरण के दौरान आवंटित उम्मीदवार की पंजीकरण संख्या और पासवर्ड याद रखने के लिए है।

**(4)** उम्मीदवार **"**पहले से ही पंजीकृत उपयोगकर्ताओं (Login)**"** का उपयोग करके उसमे प्रवेश करने के बाद पंजीकरण और उसकी **/** उसके ब्यौरे को सही कर सकते हैं।

**(5)** पंजीकरण के दौरान उम्मीदवार को पंजीकरण शुल्क भरना होगा। यह शुल्क चालान/ नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है । यदि भुगतान चालान द्वारा किया जाता है तो इस स्थिति में चालान का प्रिंट निकालने के बाद चालान में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य करें । चालान को बैंक में भरने के लिए अतिरिक्त बैंक चार्जेज देने होंगे।

**(6)** निर्धारित पंजीकरण शुल्क भरने के बाद पुनः लॉग इन करके अन्य जानकारी भरें एवं Save करें।

**(7)** कृपया अपनी फोटोग्राफ एवं पंजीकरण शुल्क का विवरण भरना न भूलें।

**(8)** पंजीकरण एक बार की प्रक्रिया है और यह सब ऑनलाइन परामर्श के लिए मान्य होगा। इसलिए उम्मीदवार को विकल्प बहुत ध्यान से भरने होंगे।

(9) तृतीय काउंसलिंग राउंड से नए एवं अन्य राज्यों के इछुच्क अभ्यार्थी भी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त यदि महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पूरी यूनिट खाली रह जाती है तो इस स्थिति में इछुच्क पुरुष अभ्यार्थी भी चतुर्थ काउंसलिंग राउंड से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

**(10)** यदि तृतीय काउंसलिंग राउंड के बाद भी कोई सीट खाली रह जाती है तो उसे संस्थान स्तर पर spot admission हेतु निर्धारित तिथियों के अनुसार 11:30 बजे प्रातः तक आवेदन लिए जाएंगे तथा 02:00 बजे दोपहर के बाद मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। तृतीय काउंसलिंग राउंड के उपरान्त खाली सीटों की जानकारी web site पर प्रदर्शित कर दी जाएगी। मेरिट सूचि प्रतिदिन 11:30 बजे प्रातः तक प्राप्त आवेदनों के अनुसार दैनिक आधार पर तैयार की जायगी। पिछले दिन तैयार की गई मेरिट सूचि मान्य नहीं होगी। यदि online merit list में से कोई प्रत्याशी उपलब्ध न हो तो सीधे तौर पर नयी एप्लीकेशन पर प्रवेश दे दिया जायेगा, यद्यपि नये प्रवेश के लिए उम्मीदवार की fee व डाटा को सम्बधित संस्थान निदेशालय द्वारा दिये गये user id एवं password के तहत online admission portal पर upload करेंगे एवं निदेशालय को भी e-mail द्वारा भेजना सुनिश्चित करेंगे ।

**(11)** Sports उप वर्ग के तहत प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवारों को पंजीकरण विवरण के प्रिंट एवं अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ उम्मीदवार को पूर्व निर्धारित Designated Institute में उनको verifyकरवानेहेतू एवं Sports के लिए अतिरिक्त अंकों का अधिभार लेने हेतू निर्धारित अवधि में आना होगा।

**(12)** उम्मीदवार अपनी ट्रेड लेने की चॉइस **(Choice)** को काउंसलिंग कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि तक पुनः login करके भर सकता है / परिवर्तित कर सकता है।

**(13)** इसके अलावा online प्रवेश की पूरी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**(14)** किसी भी तरह की असुविधा के लिए अपने निकटतम Facilitation Centre (Appendix-XI) से संपर्क करें।

**(15)** प्रवेश के लिए उम्मीदवार को अपनी चॉइस **(Choice)**को Save करना होगा।प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने पर यदि उम्मीदवार को कोई स्थान आबंटित होता है तो उसे निर्धारित समय में उसे ज्वाइन करना होगा एवं निर्धारित शुल्क भी भरना होगा। यदि यह उसकी पसंद नहीं है तो वह अगले प्रवेश चरण के लिए लॉग इन करके अपनी चॉइस भर सकता है। ऐसा करने पर यदि उसको उसकी चॉइस की सीट आबंटित नहीं होती है तो उसके द्वारापहले ली गई सीट सुरक्षित रहेगी, अन्यथा नई चॉइस की सीट आबंटित होने पर पहले आबंटित की गई सीट को अन्य उम्मीदवार को दे दिया जायेगा, पुराने उम्मीदवार का उस पर कोई हक़ नहीं होगा तथा उसका **ITI** या विभाग पर कोई न्यायिक दावा नहीं होगा।

**(16)** उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसारतीन ऑनलाइनचरणों व अंतिम spot admission चरण में प्रवेश प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा।

**(17)** प्रथम तीन चरणों में प्रदेश सरकार द्वारा जारी 200 पॉइंटरोस्टर के अनुसार admission की जाएगी ।तृतीय काउंसलिंग राउंड के बाद भी कोई सीट खाली रह जाती है, तो उसे संस्थान स्तर पर ही अंतिम spot admission (मेरिट आधार पर) चरण के तहत भर दिया जायेगा। तथापि खाली सीटों की जानकारी को वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा ।

**(18)** उम्मीदवार की व्यक्तिगत जानकारी में यदि कोई गलती है तो यह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी है और Directorate of Technical Education HP **/** आई.टी.आई.को इस बारे जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकता है।अतः सभी अभ्यार्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अपनी जानकारी ठीक ढंग से भरें।

**(19)** विभाग, आई.टी.आई.के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का आयोजन कर रहा हैं। यह प्रवेश प्रक्रिया को सबसे अच्छा एवं पारदर्शी करने के लिए किया जा रहा है ।हालांकि**,** कुछ तकनीकी खराबी के कारणअगर गलतआवंटन हो जाता है तो Directorate of Technical Education HP **/ ITI** गलत तरीके से आवंटित सीट को रद्द करने और पुनः आबंटन सहित उपयुक्त सुधारात्मक उपाय करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसा एक ही या बाद के काउंसलिंग राउंड में आबंटित सीटों के बारे में भी होने पर

उपरोक्त सुधारात्मक कार्यवाही विभाग करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस मामले में **Director Technical Education** का निर्णय अंतिम होगा और सभी सम्बंधित पक्षों को मानने के लिए बाध्य होगा। उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई होने पर हुए नुकसान के लिए Directorate of Technical Education HP/ **ITI** नुकसान की भरपाई के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**(20)** सभी विवादों का निपटारा केवल सुंदरनगर स्थित हिमाचल प्रदेश के न्यायिक क्षेत्राधिकार केअधीन किया जाएगा।

## 12.खेल से सम्बन्धित प्रमाण पत्र सत्यापन बारे अधिकृत संस्थान (Designated Institute.)

ऑनलाइन आवेदनके बाद खेल से सम्बन्धित प्रमाण पत्र सत्यापन हेतू Designated Institute बनाये गए हैं जहाँ पर प्रत्याशियों को अपने प्रमाण पत्रों को Chapter 1 में दी गयी तिथियों के अनुरूप अतिरिक्त अधिभार के लिए सत्यापित करवाना होगा।सत्यापित न करवाने की स्थिति में अतिरिक्त अधिभार की गणना नहीं की जाएगी।

List of Designated Centre with Contact Numbers

| Sr. No. | Name of Govt. ITI | E mail Address | Mobile No. | Telephone No. |
|---|---|---|---|---|
| Distt. Bilaspur | | | | |
| 1 | BILASPUR | pplitiblp@gmail.com | 94594-59200 | 01978-224774 |
| Distt. Chamba | | | | |
| 2 | CHAMBA | itichamba@rediffmail.com | 98821-77927 | 01899-222285 |
| 3 | KILLAR | itikillar@rediffmail.com | | 01897-242222 |
| 4 | BHARMOUR | bmr.iti@gmail.com | | 01895-225487 |
| Distt. Hamirpur | | | | |
| 5 | RAIL | itirail@rediffmail.com, | 94180-63737 | 01972-236563 |
| Distt. Kangra | | | | |
| 6 | SHAHPUR | itishahpur@yaho.com | 94181-57603 | 01892-238023 |
| Distt. Kinnaur | | | | |
| 7 | RECKONGPEO | principalitireckongpeo@rediffmail.com | 70425-58999 | 01786-222215 |
| Distt. Kullu | | | | |
| 8 | SHAMSHI | suneel66@yahoo.co.in | 94184-65988 | 01902-260692 |
| Distt. Lahaul - Spiti | | | | |
| 9 | UDAIPUR | itiudaipur@yahoo.com | 94184-65988 | 01909-222224 |
| 10 | RONGTONG | itirongtong@gmail.com | - | 01906-222418 |
| Distt. Mandi | | | | |
| 11 | MANDI | itimandi@rediffmail.com | 94181-48480 | 01905-235544 |
| Distt. Solan | | | | |
| 12 | SOLAN | itisolan59@gmail.com | 94180-27502 | 01792-223753 |
| Distt. Shimla | | | | |
| 13 | SHIMLA | pplitisml@yahoo.co.in | 94187-06015 | 0177-2830983 |
| 14 | RAMPUR | principalrampur@yahoo.com | 76510-15131 | 01782-233149 |
| Distt. Sirmour | | | | |
| 15 | NAHAN | itinahan@yahoo.com | 94180-59973 | 01702-222319 |
| Distt. Una | | | | |
| 16 | UNA | itiuna@yahoo.in | 94180-55757 | 01975-223203 |